# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

(भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग का स्वायत्त निकाय)

**ATOMIC ENERGY EDUCATION SOCIETY**

(An Autonomous Body under Department of Atomic Energy, Govt. of India)

केन्द्रीय कार्यालय, वेस्टर्न सेक्टर, पऊकेंवि.-6, अणुशक्तिनगर, मुंबई-400094

Central Office, Western Sector, AECS-6, Anushaktinagar, Mumbai-400094

दूरभाष / Telephone : 2556 5049 / 2557 1501 / 2550 3310

वेबसाइट / website : aees.gov.in

ईमेल/E-mail: pers-conf@aees.gov.in


## भर्ती सूचना संख्या: प.ऊ.शि.सं./01/2024

**"सरकार एक ऐसा कार्यदल बनाने का प्रयास करती है, जिसमें लिंग संतुलन प्रतिबिंबित हो तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।"**

1 **परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था के विषय में**

परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था (प.ऊ.शि.सं.) भारत के विभिन्न क्षेत्रों में निम्नलिखित 15 केन्द्रों पर 30 विद्यालयों/ कनिष्ठ महाविद्यालयों का संचालन करती है। इन विद्यालयों में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था के बारे में अधिक जानकारी वेबसाइट www.aees.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | केंद्रो के स्थान | | |
|---|---|---|---|
| | स्थान | जिला | राज्य |
| 1 | अणुशक्तिनगर | मुंबई | महाराष्ट्र |
| 2 | तारापुर | पालघर | महाराष्ट्र |
| 3 | कैगा | उत्तर कन्नड़ | कर्नाटक |
| 4 | कुडनकुलम | तिरुनेलवेली | तमिलनाडु |
| 5 | कलपक्कम/अणुपुरम | कांचीपुरम | तमिलनाडु |
| 6 | मैसूर | मैसूर | कर्नाटक |
| 7 | हैदराबाद | हैदराबाद | तेलंगाना |
| 8 | ऑस्कम | छत्रपुर | उड़ीसा |
| 9 | जादूगुड़ा/नरवापहाड़/तुरामडीह | पूर्वी सिंहभूम | झारखंड |
| 10 | मणुगुरु | भद्राद्री कोठागुडेम | तेलंगाना |
| 11 | नरौरा | बुलंदशहर | उत्तर प्रदेश |
| 12 | रावतभाटा | चित्तौड़गढ़ | राजस्थान |
| 13 | इंदौर | इंदौर | मध्य प्रदेश |
| 14 | काकरापार | व्यारा | गुजरात |
| 15 | पझयाकायल | तूतीकोरिन | तमिलनाडु |

2 प.ऊ.शि.सं. लेवल 6 के सेल 1 में **कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी [ग्रुप बी (अराजपत्रित) पद]** की भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है। वेतन और भत्ते सामन्यत: प.ऊ.शि.सं. द्वारा समय-समय पर अपनाए गए नियमों की सीमा तक केंद्र सरकार के वेतन मेट्रिक्स के नियमों के अनुसार हैं। रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है:

| पद की संख्या | श्रेणी |
|---|---|
| 01 | **अनारक्षित** |

3 **कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी पद के लिए अनिवार्य न्यूनतम योग्यता तथा कार्य अनुभव:**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी/अंग्रेजी विषय में मास्टर डिग्री तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी/हिंदी मुख्य विषय के रूप में।

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री तथा डिग्री स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी मुख्य विषय के रूप में।

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में हिंदी/अंग्रेजी माध्यम से मास्टर डिग्री तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी/ हिंदी मुख्य विषय के रूप में

अथवा

हिंदी / अंग्रेजी में मास्टर डिग्री या किसी अन्य विषय में हिंदी/अंग्रेजी माध्यम से मास्टर डिग्री तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी/ हिंदी मुख्य विषय के रूप में या परीक्षा का माध्यम रहा हो।

अथवा

मुख्य विषय के रूप में हिंदी और अंग्रेजी के साथ स्नातक डिग्री या उनमें से कोई एक परीक्षा का माध्यम तथा दूसरा मुख्य विषय रहा हो और साथ ही हिंदी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा / प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम पूरा किया हो या किसी केन्द्रीय/राज्य सरकार के कार्यालय या भारत सरकार के किसी उपक्रम में हिंदी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य का 2 वर्ष का कार्य अनुभव हो।

**वांछनीय:** कंप्युटर का ज्ञान

**4 आवेदन प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि के अनुसार आयु सीमा: 18 – 28 years**

4.1 ऊपरी आयु सीमा में छूट:

4.1.1 अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट लागू नहीं है।

4.1.2 **विभागीय उम्मीदवारः**
विभागीय उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट प्रचलित नियमानुसार मानी जाएगी। (अनुलग्नक-I)

4.1.3 दिव्यांग उम्मीदवार (पी.डब्ल्यूबीडी) (ओएल, ओए, पीडी, पीबी) आवेदन करने के लिए पात्र हैं।
(ओएल- एक पैर प्रभावित, ओए- एक हाथ प्रभावित, पीडी- आंशिक रूप से बहरा, पीबी- आंशिक रूप से अंधा)

* चिन्हित पदों के लिए दिव्यांग व्यक्तियों को ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट स्वीकार्य है, बशर्ते कि उन्हें दस्तावेज सत्यापन के समय अपनी दिव्यांगता के दावे के समर्थन में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
* विकलांगता का प्रतिशत 40% से कम नहीं होना चाहिए।

**5 चयन प्रक्रिया:**

चयन प्रक्रिया के अंतर्गत स्तर 1 एवं 2 में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

5.1 **<u>स्तर-1 परीक्षा - वस्तुनिष्ठ परीक्षा जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:</u>**

1. सामान्य हिंदी
2. सामान्य अंग्रेजी
3. सामान्य बुद्धिमता एवं तर्कशक्ति
4. मात्रात्मक अभिक्षमता

**द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी) में 100 प्रश्न - अवधि -2 घंटे**

स्तर 1 परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, अभ्यर्थियों को स्तर 2 परीक्षा के लिए शार्ट लिस्ट किया जाएगा। अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट करने के लिए, अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों की न्यूनतम अर्हक अंकों तक की अवरोही क्रम में सूची बनायी जाएगी। न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने मात्र से ही अभ्यर्थी स्तर 2 परीक्षा हेतु बुलाए जाने के लिए हकदार नहीं होगें ।

स्तर-1 परीक्षा के आधार पर अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट किए जाने का अनुपात 1:20 रहेगा अर्थात स्तर-2 की परीक्षा के लिए अधिकतम 20 अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा । यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों ने समान कट ऑफ अंक प्राप्त किए हैं (1:20 अनुपात पर शॉर्ट लिस्ट करते समय) तो उन सभी अभ्यर्थियों को स्तर-2 की परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा जिन्होंने समान अंक प्राप्त किए हैं ।

5.2 **स्तर-2 परीक्षा :-** विवरणात्मक लिखित परीक्षा में निम्नलिखित पाठ्यक्रमानुसार दो प्रश्न पत्र (प्रश्नपत्र-I एवं प्रश्नपत्र-II) होंगे:-

**प्रश्नपत्र-I (अंक-100) - अवधि : 3 घंटे**

1. हिंदी से अंग्रेजी में पैराग्राफ का अनुवाद (02 पैराग्राफ) - 25 अंक (इसमें एक पैराग्राफ तकनीकी एवं एक पैराग्राफ प्रशासनिक स्वरूप का होगा) (अनुवाद हेतु लगभग 250 शब्द होंगे) - 25 अंक
2. अंग्रेजी से हिंदी में पैराग्राफ का अनुवाद (02 पैराग्राफ) : 25 अंक (इसमें एक पैराग्राफ तकनीकी एवं एक पैराग्राफ प्रशासनिक स्वरूप का होगा) (अनुवाद हेतु लगभग 250 शब्द होंगे) - 25 अंक
3. अंग्रेजी से हिंदी में वाक्यों का अनुवाद (सरकारी कार्य से संबंधित) (10 वाक्य) - 15 अंक
4. हिंदी से अंग्रेजी में वाक्यों का अनुवाद (सरकारी कार्य से संबंधित) (10 वाक्य) - 15 अंक
5. अंग्रेजी शब्दों के हिंदी पर्याय (10) - 10 अंक
6. हिंदी शब्दों के अंग्रेजी पर्याय (10) - 10 अंक

**प्रश्नपत्र - II (अंक-100) - अवधि : 3 घंटा**

| | |
|---|---|
| 1. सामान्य बुद्धिमता एवं तर्कशक्ति एवं मात्रात्मक अभिक्षमता | - 50 अंक |
| 2. सामान्य हिंदी | - 15 अंक |
| 3. सामान्य अंग्रेजी | - 15 अंक |
| 4. हिंदी में निबंध | - 10 अंक |
| 5. अंग्रेजी में निबंध | - 10 अंक |

5.3 प्रत्येक स्तर पर उत्तीर्ण होने हेतु समग्र न्यूनतम अंक 50% रहेगें।

5.4 **एम्पेनलमेंट मानदंड: केवल स्तर-2 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही अंतिम चयन किया जाएगा।**

स्तर-2 में अंक टाई होने की अवस्था में निर्णय का आधार:

क. स्तर-1 एवं स्तर-2 के कुल अंक

ख. जन्म तिथि (अधिक आयु वाले उम्मीदवार)

ग. नाम का वर्णानुक्रम (प्रथम नाम, मध्य नाम एवं उपनाम के क्रम में)

## 6 आवेदन शुल्क और भुगतान का माध्यम:

6.1 उम्मीदवारों को निम्नलिखित लिंक: https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm के द्वारा एसबी कलैक्ट के माध्यम से राशि रु. 200/- (रुपये दो सौ मात्र) का शुल्क जमा करने और अपेक्षित सूचना दर्ज करने की सलाह दी जाती है। ऑनलाइन भुगतान विंडो 12/07/2024 तक उपलब्ध रहेगी।

एक बार भुगतान किया गया शुल्क अप्रतिदेय, अहस्तांतरणीय होगा और किसी भी परिस्थिति में किसी अन्य परीक्षा के लिए आरक्षित नहीं रखा जा सकता है।

6.2 भुगतान दिनांक 12/07/2024 तक 23:59 बजे से पहले किया जाना चाहिए| निर्धारित समय के बाद ऑनलाइन भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा |

6.3 निम्नलिखित उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क की छूट दी जाती है |

1. अजा/अजजा के उम्मीदवार/दिव्यांग व्यक्ति
2. महिला उम्मीदवार

## 7 सामान्य अपेक्षाएं और सूचना:

7.1 उम्मीदवार जो भारत में कहीं भी काम करने के इच्छुक हैं, केवल वे ही आवेदन करें।

7.2 पात्रता शर्तों और उम्मीदवारों के चयन के तरीके के बारे में प.ऊ.शि.सं. का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

7.3 **यात्रा भत्ता:** बाहर से आने वाले पात्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार, सबसे छोटे मार्ग से आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का रेल किराया या साधारण राज्य परिवहन बस की किराया राशि किराया भुगतान का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर भुगतान किया जायेगा।

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के ऐसे उम्मीदवारों के लिए कोई यात्रा भत्ता स्वीकार्य नहीं है जो पहले केंद्र / राज्य सरकार के निगमों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय सरकारी संस्थानों और पंचायतों की सेवा में हैं।

7.4 हर पहलुओं से सभी उम्मीदवारों की पात्रता (अर्थात आयु सीमा, अनिवार्य योग्यता और अन्य मानदंड आदि) निर्धारित करने की तिथि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को संशोधित किए जाने की स्थिति में, हर पहलुओं से उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने की तिथि नोटिस में दर्शाई गई प्रारंभिक तिथि जैसी ही रहेगी।

7.5 उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता/ कार्य अनुभव के लिए पात्रता पूरी तरह से इस भर्ती नोटिस में निर्धारित योग्यता के अनुसार ही होगी।

7.6 निर्धारित अनिवार्य योग्यता के संबंध में "समकक्ष", यदि नोटिस में उल्लेख किया गया है, तो यह उम्मीदवारों की जिम्मेदारी है कि वे बोर्ड/विश्वविद्यालय या सक्षम प्राधिकरण, जिससे उसने शैक्षिक योग्यता प्राप्त की है, द्वारा जारी समकक्षता के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज / प्रमाण पत्र (संख्या और तारीख के साथ आदेश / पत्र) जमा करें, ऐसा न करने पर उनका आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। उम्मीदवार कृपया यह नोट करें कि निर्धारित अनिवार्य योग्यता में इसका उल्लेख नहीं होने की स्थिति में समकक्षता की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7.7 उम्मीदवार जो सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों / सरकारी स्वायत्त संस्थानों / केंद्र और राज्य सरकार के उपक्रमों में काम कर रहे हैं**,** उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले अपने मूल संगठन को सूचित करें। दस्तावेज़ सत्यापन के समय**,** उम्मीदवारों**,** यदि वे पद के लिए चयनित होते हैं**,** को अपने वर्तमान नियोक्ता से उम्मीदवार को सेवा मुक्त करने के लिए जारी मूल **'**अनापत्ति प्रमाण पत्र**' (**एनओसी) और सतर्कता अनापत्ति भी जमा करनी होगी**,** ऐसा नहीं किए जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

7.8 केवल पात्रता किसी उम्मीदवार को लिखित परीक्षण (लेवल 1 & 2) के लिए बुलाए जाने के लिए अधिकृत नहीं करती। प.ऊ.शि.सं किसी भी स्तर पर आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

7.9 उम्मीदवार नोट करें कि लिखित परीक्षण में उनका प्रवेश ऑनलाइन आवेदन पत्र में उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पूरी तरह से अनंतिम होगा। यह भर्ती सूचना में निर्दिष्ट मूल दस्तावेजों के संदर्भ में सभी पात्रता शर्तों के सत्यापन के अधीन होगा। यदि भर्ती / चयन की पूरी प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है या पात्रता मानदंड के अनुरूप नहीं है तो उस आवेदक की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या नियुक्ति के बाद भी खारिज हो सकती है।

7.10 उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय स्थानीय पुलिस स्टेशन द्वारा जारी नवीनतम (ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से 6 महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए) पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र (पीवीसी) जमा करना होगा। उम्मीदवार जो पीवीसी प्रस्तुत नहीं कर सकेंगे**,** उन्हें पीवीसी प्राप्त करने के लिए स्थानीय पुलिस स्टेशन में जमा किए गए आवेदन के लिए प्राधिकरण द्वारा विधिवत रूप से स्वीकार किए गए आवेदन की पावती (ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से 6 महीने से अधिक पुराना नहीं) प्रस्तुत करनी होगी। **उक्त आवश्यकता के अनुसार पीवीसी / पीवीसी के लिए आवेदन जमा करने की पावती प्रस्तुत नहीं कर सकने वाले उम्मीदवारों को लेवल-2 परीक्षण में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी।**

7.11 अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले या अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार के रूप में आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवारों को भारत सरकार के अनुसार अनुलग्नक-**II** के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विधिमान्य जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

7.12 ओ.बी.सी. (नॉन क्रीमी लेयर) से संबंधित उम्मीदवारों को केंद्र सरकार के कार्यालयों में रोजगार हेतु जारी निर्धारित प्रोफार्मा में अनुलग्नक-**III** के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से जारी प्रमाणपत्र की स्वा-सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए कि उम्मीदवार व्यक्तियों/ वर्गों (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं है। इस संबंध में केवल वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जारी किया गया नॉन क्रीमी लेयर का विधिमान्य प्रमाण पत्र स्वीकार किया जाएगा।

7.13 ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार को अनुलग्नक-**IV** के अनुसार डीओपीटी द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार केंद्र सरकार में रोजगार के लिए जारी किए गए निर्धारित प्रोफार्मा में प्रमाण पत्र की एक स्व-सत्यापित प्रति प्रदान करनी होगी। इस संबंध में केवल वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जारी ईडब्ल्यूएस का विधिमान्यि प्रमाण पत्र स्वीकार किया जाएगा।

7.14 शारीरिक विकलांगता के संबंध में उपयुक्त प्राधिकारी से अनुलग्नक V (फॉर्म V, VI और VII) में दिए गए प्रारूप के अनुसार विकलांगता प्रमाण पत्र।

7.15 परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था बिना कोई कारण बताए और बिना किसी अधिसूचना के किसी भी या सभी पदों को वापस लेने/ न भरने या भर्ती की पूरी प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसी अवस्था में आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

7.16 इस भर्ती के संबंध में कोई भी अद्यतन सूचना केवल परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट (**www.aees.gov.in)** पर उपलब्ध होगी। सभी उम्मीदवारों को अद्यतन सूचना प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से प.ऊ.शि.सं. वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।

7.17 प.ऊ.शि.सं. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पहले भर्ती सूचना में कोई भी सुधार/ परिवर्तन / शामिल करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है**,** जिसके लिए उम्मीदवारों को ऐसे परिवर्तनों या अन्य किसी अद्यतन सूचना के लिए प.ऊ.शि.सं. वेबसाइट (**www.aees.gov.in)** देखने की सलाह दी जाती है।

7.18 एक बार जमा किया गया आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

7.19 हिंदी और अंग्रेजी भाषा के भर्ती नोटिस के पाठ के संदर्भ में किसी भी विसंगति के मामले में**,** भर्ती सूचना का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

7.20 लेवल 1 के लिए स्क्रीन्ड-इन उम्मीदवारों की सूची और लेवल 2 के लिए शॉर्ट लिस्ट उम्मीदवारों की सूची प.ऊ.शि.सं. की वेबसाइट (www.aees.gov.in) पर प्रदर्शित की जाएगी।

7.21 ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय उम्मीदवारों को कोई भी कठिनाई होने पर**,** वे pers-conf@aees.gov.in पर ईमेल भेज सकते हैं। किसी अन्य मेल आईडी पर भेजे गए ईमेल पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

7.22 परीक्षा हॉल के अंदर पुस्तकों**,** मोबाइल फोन**,** टैब**,** कैलकुलेटर या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं है। इन निर्देशों का कोई भी उल्लंघन उम्मीदवार को अयोग्य कर देगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे लिखित परीक्षा के लिए आते समय उपर्युक्त वस्तुओं को न लाएं क्योंकि परीक्षा केंद्र पर उन्हें सुरक्षित रखने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

7.23 पात्रता के लिए योग्यता के अलावा पहले से अर्जित/जारी अतिरिक्त योग्यताओं का भी ऑनलाइन आवेदन पत्र में उल्लेख किया जाए। ऐसा न करने पर उक्त अतिरिक्त योग्यता को उनके चयन की स्थिति में सेवा अभिलेखों में दर्ज नहीं किया जायेगा।

7.24 विस्तृत जानकारी और ऑन-लाइन आवेदन और आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए, वेबसाइट "www.aees.gov.in" पर लॉग इन करें। ऑन-लाइन आवेदन जमा करने की सुविधा 22/06/2024 से 12/07/2024 तक उपलब्ध होगी।

7.25 आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह भर्ती सूचना में वर्णित सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सही जानकारी प्रस्तुत करें। उम्मीदवार को उसके आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों में प्रवेश दिया जायेगा। भर्ती प्रक्रिया के अंतिम चरण से पहले आवेदन की केवल सारांश जांच की जाएगी और उम्मीदवार की पात्रता की विस्तृत जांच केवल भर्ती प्रक्रिया के अंतिम चरण में की जाएगी। इस प्रकार, आवेदक की उम्मीदवारी तब तक अनंतिम रहेगी जब तक कि विस्तृत जांच नहीं हो जाती है और उम्मीदवार

सभी प्रकार से पात्र नहीं पाए जाते हैं।

7.26 जिन उम्मीदवारों ने आवेदन प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि के अनुसार ऊपर बताए अनुसार शैक्षणिक योग्यता हासिल नहीं की है, उन्हें आवेदन नहीं करना चाहिए। इस संदर्भ में आगे कोई पत्राचार या स्पष्टीकरण पर विचार नहीं किया जाएगा।

7.27 ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा भरी गई जन्म तिथि और मैट्रिक / माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज की गई तिथि को आयु निर्धारित करने के लिए स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी परिवर्तन अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा या अनुमति नहीं दी जाएगी।

7.28 उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पर्याप्त समय पूर्व ऑनलाइन आवेदन जमा करें और समापन के दिन/अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें ताकि वेबसाइट पर भारी लोड के कारण वेबसाइट पर लॉग इन में असमर्थता / अक्षमता या विफलता की संभावना से बचा जा सके ।

7.29 इस प.ऊ.शि.सं. के नियंत्रण से बाहर किसी भी कारण से उम्मीदवारों की अंतिम तिथि के भीतर अपने आवेदन जमा नहीं कर पाने के लिए यह प.ऊ.शि.सं. जिम्मेदार नहीं होगा ।

7.30 परीक्षा के किसी भी चरण/स्तर (स्तरों) के अंकों के पुनर्मूल्यांकन/ पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं होगा । इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

7.31 प्रमाण पत्र का सत्यापन मुंबई में केवल उन उम्मीदवारों के लिए किया जाएगा जो चयन प्रक्रिया के अंतिम चरण तक पहुंचे हैं।

7.32 चयन सूची संबंधित अर्हता परीक्षा जैसा भी मामला हो, में अर्ह पाए गए उम्मीदवारों के प्रमाणपत्रों के सत्यापन के बाद प्रकाशित की जाएगी।

7.33 इस प.ऊ.शि.सं. से पत्राचार करते समय उम्मीदवार को नाम, जन्म तिथि और परीक्षा के नाम के साथ आवेदन संख्या, अनुक्रमांक, पंजीकृत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर लिखना होगा। इन विवरणों को प्रस्तुत नहीं करने वाले उम्मीदवार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

7.34 चयनित उम्मीदवारों पर नई पुनर्गठित परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना (नेशनल पेंशन सिस्टम) लागू होगी, जो वित्त मंत्रालय की अधिसूचना संख्या 5/7/2003-ECB दिनांकित 22.12.2003 और इसके अंतर्गत जारी प्रावधानों के अनुसार दिनांक 01.04.2004 से लागू है।

7.35 प्रतीक्षा सूची के संचालन की वैधता चयन पैनल के तैयार होने की तिथि से या उक्त पद के लिए बाद में जारी अधिसूचना, जो भी पहले हो, से एक वर्ष के लिए होगी ।

## 8 आवेदन ऐसे करें:

8.1 जो व्यक्ति सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे निर्धारित अवधि के अंदर प.ऊ.शि.सं. के वेबसाइट (www.aees.gov.in) के भर्ती टैब में दिए गए लिंक (https://forms.gle/yQCdnQr6LNKUtAr66) के माध्यम से अनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं और गूगल फॉर्म भर सकते हैं।

गूगल फॉर्म भरने के लिए कृपया नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें:

क) फॉर्म खोलने के लिए दिए गए गूगल लिंक पर पहुंचे।
ख) आगे बढ़ने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़े।
ग) सभी आवश्यक फ़ील्ड सटीक और पूरी जानकारी के साथ भरें।
घ) सुनिश्चित करें कि आप सटीक और अद्यतन जानकारी प्रदान कर रहे हैं।
ङ) सुनिश्चित करें कि आप सभी आवश्यक समर्थक दस्तावेज़ प्रदान कर रहे हैं, यदि मांगे गए हैं।
च) सटीकता और पूर्णता के लिए अपने उत्तरों की दोबारा जांच करें।
छ) अपना पूरा फॉर्म भेजने के लिए "सबमिट" बटन पर क्लिक करें।

ज) अपने संदर्भ के लिए पुष्टिकरण संदेश का रिकॉर्ड रखें।

झ) यदि आपके कोई प्रश्न हैं या कोई समस्या आती है, तो सहायता के लिए ईमेल आईडी per-conf@aees.gov.in पर संपर्क करें।

ञ) कृपया ध्यान दें कि ये निर्देश इस विशेष परीक्षा के लिए प्रदान किए गए गूगल फॉर्म के लिए विशिष्ट हैं।

8.2 भर्ती सूचना के साथ दिए गए गूगल लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें और आवेदन शुल्क रसीद की प्रति, यदि कोई हो, स्वप्रमाणित अनुलग्नकों के एक सेट के साथ लिफाफे पर आवेदित पद लिखकर प्रशासनिक अधिकारी-III, परमाणु ऊर्जा शिक्षा संस्था, केंद्रीय कार्यालय, पश्चिमी क्षेत्र, (प.ऊ.कें. विद्यालयर-6 के पास), अणुशक्तिनगर, मुंबई-400094 को भेजें। अर्हक और शैक्षिक डिग्री के अध्ययन के सभी वर्षों की अंकतालिका की प्रति और डिग्री प्रमाण पत्र की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न की जानी चाहिए, अन्यथा आवेदन तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

8.3 आवश्यक संलग्नकों के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (12/07/2024) से 10 दिनों के अंदर इस कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। यदि 10वां दिन प.ऊ.शि.सं. के लिए अकार्य दिवस है, तो अगले कार्य दिवस को अपेक्षित संलग्नकों के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति प्राप्त करने का अंतिम दिन माना जाएगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे डाक में किसी भी देरी से बचने के लिए पहले ही आवेदन इस तरह भेजें कि वह निर्धारित तिथि से पहले प.ऊ.शि.सं. तक पहुंच जाए।

8.4 आवेदन करते समय उम्मीदवारों के पास एक विधिमान्य व्यक्तिगत ईमेल आईडी होना आवश्यक है। इस भर्ती की पूरी प्रक्रिया के दौरान इसे सक्रिय रखा जाए। यदि ईमेल के माध्यम से प.ऊ.शि.सं. द्वारा भेजी गई कोई भी सूचना उम्मीदवारों को प्राप्त नहीं होती या इसके विपरीत, तो प.ऊ.शि.सं. जिम्मेदार नहीं होगी।

8.5 उम्मीदवार का नाम, जन्म तिथि आदि वहीं भरे जाएं जैसा कि कक्षा 10 के प्रमाण पत्र / अंक पत्र में दर्ज हैं। नाम परिवर्तन के मामले में, आवेदन पत्र में गज़ट अधिसूचना के अनुसार परिवर्तित नाम का उल्लेख किया जाना चाहिए। इस संबंध में कोई भी अंतर उम्मीदवार को अनअर्ह कर देगा।

8.6 आवेदन का कोई अन्य माध्यम/मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा। जब भी आवेदन पत्र के संबंधित स्थान पर छूट श्रेणी दर्ज की जाएगी तो आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट स्वत: स्क्रीन पर दिखाई देगी।

**9 आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज:**

I) नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ (.jpg/.jpeg फॉर्मेट में)। अस्पष्ट फोटोग्राफ (छोटा फोटोग्राफ/साइड फेसिंग फोटोग्राफ/गागल्स के साथ फोटोग्राफ/कैप के साथ फोटोग्राफ/ बिना फोटोग्राफ, आवश्यकतानुसार आकार नहीं आदि) वाले आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

II) एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की प्रति का, जो भी लागू हो।

III) अनापत्ति प्रमाण पत्र, यदि लागू हो।

IV) जन्म तिथि का प्रमाण (दसवीं कक्षा का अंक-पत्र / दसवीं कक्षा का प्रवेश पत्र / दसवीं कक्षा का उत्तीर्ण प्रमाण पत्र)

V) नाम परिवर्तन यदि कोई हो, के मामले में राजपत्र अधिसूचना।

VI) एचएससी/+2/इंटरमीडिएट का अंकपत्र ।

VII) स्नातक के सभी वर्षों की सेमेस्टर या वर्षवार अंक-पत्र ।

VIII) स्नाएतक का डिग्री प्रमाणपत्र/ अनंतिम प्रमाणपत्र ।

IX) स्नातकोत्तर के सेमेस्टर या वर्षवार अंक पत्र ।

X) स्नातकोत्तर का डिग्री प्रमाणपत्र / अनंतिम प्रमाण पत्र ।

XI) हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमाप्रमाणपत्र पाठ्यक्रम/।

XII) विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा जीपीए / सीजीपीए से प्रतिशत में रूपांतरण के लिए स्नातकोत्तर के लिए ट्रांसक्रिप्ट, यदि अंक-पत्र में अंक प्रतिशत में इंगित नहीं किए गए हैं।

XIII) अतिरिक्त योग्यता जो पहले से ही अर्जित /जारी है, का प्रमाण पत्र / प्रमाण

XIV) आवेदन शुल्क रसीद यदि कोई हो, की प्रति।

XV) कार्य-अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति

**10 चिकित्सा परीक्षण:-**

केवल उन्हीं उम्मीदवारों की चिकित्सीय जांच की जाएगी जिनके नियुक्ति के लिए विचार किए जाने की संभावना है। उम्मीदवार को अच्छी मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य स्थिति में होना चाहिए और किसी भी शारीरिक दोष जिससे उसके कर्तव्यों के कुशल निर्वहन में बाधा उत्पन्न हो सकती है, से मुक्त होना चाहिए। उम्मीदवार जो इस तरह की चिकित्सा परीक्षण जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया जा सकता है, के बाद इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है, उसे नियुक्ति नहीं दी जायेगी।

**11 महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| क्र.सं. | घटना | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि | 21 दिन (22/06/2024 to 12/07/2024) |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 12/07/2024 |
| 3 | आवेदन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि | 12/07/2024 |
| 4 | लिखित परीक्षा के लिए संभावित कार्यक्रम (लेवल-1) | प.ऊ.शि.सं. की वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा |
| 5 | लेवल-1 परीक्षा के लिए अस्थायी उत्तर कुंजी का प्रदर्शन | परीक्षा की तारीख से 3 दिनों के अंदर |
| 6 | ईमेल से अस्थायी उत्तर कुंजी में विसंगतियों की रिपोर्ट करने की समय सीमा | अस्थायी उत्तर कुंजी प्रदर्शित होने के 72 घंटे के भीतर |
| 7 | लिखित परीक्षा (लेवल-2) के लिए संभावित कार्यक्रम | प.ऊ.शि.सं. की वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा |

**12 लेवल**-1 **परीक्षा के** लिए अस्थायी **उत्तर कुंजी में विसंगतियों की रिपोर्टिंग:**

12.1 लिखित परीक्षा के बाद अस्थायी उत्तर कुंजी परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट पर उपलब्ध की जाएगी, उम्मीदवारों को अस्थायी उत्तर कुंजी देखने के लिए नियमित अंतराल पर प.ऊ.शि.सं. की वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। उम्मीदवार उत्तर कुंजी देख सकते हैं और केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से ऊपर दी गई समय-सीमा के अंदर विसंगतियों, यदि कोई हो, की रिपोर्ट कर सकते हैं। अस्थायी उत्तर कुंजी के संबंध में समय-सीमा के अंदर प्राप्त किसी भी विसंगति की उत्तर कुंजी को अंतिम रूप देने से पूर्व जांच की जाएगी और इस संबंध में प.ऊ.शि.सं. का निर्णय अंतिम होगा। उत्तर कुंजी के संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा।

12.2 यदि लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र में दिया गया कोई प्रश्न गलत पाया जाता है या किसी विशेष प्रश्न के लिए दिए गए सभी विकल्प गलत पाए जाते हैं या एक से अधिक उत्तर विकल्प सही पाए जाते हैं (उम्मीदवारों द्वारा समय- सीमा के अंदर दावा और प.ऊ.शि.सं. द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद), तो लिखित परीक्षा में उपस्थित सभी उम्मीदवारों को उस प्रश्न के लिए 1 अंक दिया जाएगा, भले ही उम्मीदवार ने प्रश्न के लिए प्रयास किया हो या नहीं।

12.3 प.ऊ.शि.सं. संशोधित उत्तर कुंजी, यदि आवश्यक हो, प.ऊ.शि.सं. की वेबसाइट के भर्ती टैब पर विसंगतियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि से 15 दिनों के अंदर प्रदर्शित करेगा।

12.4 संशोधित/अंतिम उत्तर कुंजी प.ऊ.शि.सं. की वेबसाइट पर प्रकाशित होने के दिन से केवल 10 दिनों की अधिकतम अवधि के लिए सार्वजनिक अवलोकन हेतु उपलब्ध होगी।

**13 लिखित परीक्षा का स्थान:**

लिखित परीक्षा (लेवल-1 और लेवल-2) मुंबई केंद्र में आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा से संबंधित कार्यक्रम और कोई भी अन्य विवरण केवल प.ऊ.शि.सं. की वेबसाइट (www.aees.gov.in) पर अधिसूचित किया जाएगा।

**14 प्रमाणपत्र सत्यापन:**

उम्मीदवारों को मुंबई में लेवल -2 परीक्षण के बाद दस्तावेज़ सत्यापन के समय ऑनलाइन आवेदन की एक प्रति

के साथ संबंधित मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।

**15 आवेदन/उम्मीदवारी की अस्वीकृति/निरस्तीकरण के कारण:**

निम्नलिखित सभी या किसी एक, इन्हीं तक सीमित नहीं, की अवस्था में आवेदकों के आवेदन/उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द/अस्वीकार किए जाने के लिए संभाव्य हैं:

I. आवेदन अधूरे भरे होने पर।
II. हस्ताक्षर में कोई भिन्नता (आवेदन पत्र के प्रिंट आउट पर किए गए हस्ताक्षर और प्रमाणपत्र सत्यापन के लिए उपस्थित होने के समय प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेजों के स्व-सत्यापन के लिए हस्ताक्षर)।
III. आवेदन पत्र पर अस्पष्ट फोटोग्राफ (छोटा फोटोग्राफ/साइड फेसिंग फोटोग्राफ/गॉगल्स के साथ फोटोग्राफ/कैप/ टोपी के साथ फोटोग्राफ/फोटोग्राफ नहीं होना/फोटो का आकार आवश्यकतानुसार नहीं होना आदि)।
IV. गैर-छूट वाले उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान न करना।
V. निर्देशों के अनुसार आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं किया जाना।
VI. पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करना।
VII. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, कार्य-अनुभव, आयु नहीं रखना।
VIII. प्रमाणपत्र सत्यापन के समय मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना।
IX. लिखित परीक्षा में किसी भी कदाचार में लिप्त होना।
X अन्य कोई अनियमितता

**16** उम्मीदवारों द्वारा चिह्नित उत्तर, ऑनलाइन आवेदन और अन्य संबंधित रिकॉर्ड चयन सूची की घोषणा की तारीख से केवल छह महीने की अवधि तक संरक्षित रखे जाएंगे, और उसके बाद, ये नष्ट कर दिए जाएंगे।

**17** इस भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद केवल मुंबई के क्षेत्राधिकार वाले न्यायालयों के अधीन होगा।

**18** **प.ऊ.शि.सं. का निर्णय अंतिम:** पात्रता, आवेदनों की स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता, झूठी सूचना के लिए दंड, चयन का तरीका, लिखित परीक्षा का आयोजन, योग्यता सूची तैयार करना, कदाचार में लिप्त होने के कारण रोक (डिबारमेंट) के संबंध में परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी पूछताछ / पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**19 फोटो पहचान पत्र के रूप में स्वीकृत दस्तावेजों की सूची:**

i. आधार कार्ड / ई-आधार का प्रिंटआउट
ii. मतदाता पहचान पत्र
iii. विधिमान्य ड्राइविंग लाइसेंस
iv. पैन कार्ड
v. विधिमान्य पासपोर्ट
vi. विधिमान्य नियोक्ता पहचान पत्र (सरकारी / पी.एस.यू./निजी)
vii. केंद्र/राज्य सरकार द्वारा जारी फोटो सहित अन्य कोई विधिमान्य पहचान पत्र

**किसी भी रूप में शिफारिस को उम्मीदवारों की अयोग्यता माना जायेगा।**

**अनुलग्नक:**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | अनुलग्नक-**I** | आयु में छूट चाहने वाले केंद्र सरकार के नागरिक कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र का प्रपत्र |
| **2.** | अनुलग्नक-**II** | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र के लिए प्रारूप |
| **3.** | अनुलग्नक-**III** | भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्र का प्रपत्र |

| | | |
|---|---|---|
| **4.** | अनुलग्नक-**IV** | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र का प्रारूप |
| **5.** | अनुलग्नक-**V** | विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप **(**फॉर्म **V, VI** और **VII)** |